मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-221
24/04/2021

मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को शीघ्र भरने का दिया निर्देश

पटना, 24 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों की नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि वाक–इन–इंटरव्यू प्रक्रिया के माध्यम से हर जिले में आवश्यकतानुसार चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों पर अस्थायी नियुक्ति भी की जाय।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर आज एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निर्णय लिया गया कि चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जायेगी।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार के अलावा स्वास्थ्य विभाग–सह–आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, बिहार तकनीकी सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री अजय कुमार चौधरी एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

******